Seattle Office of Labor Standards

# Domestic Workers Ordinance

## अधिकार और वेतन संबंधी जानकारी का मॉडल नोटिस 2024

जो लोग Domestic Workers Ordinance (घरेलू कर्मचारी अध्यादेश) के तहत घरेलू कर्मचारी की सेवाओं के लिए लोगों को काम पर रखते हैं या पैसे देते हैं, उनसे इस मॉडल नोटिस को अपने कर्मचारी को उस भाषा में वितरित करने की सिफारिश की जाती है जिस भाषा में कर्मचारी सबसे ज्यादा सहज महसूस करता है। यह नोटिस कोई कानूनी सलाह नहीं है और Seattle शहर के साथ कोई अनुबंध स्थापित नहीं करता है।

नोटिस की तारीख ____/____/____ कर्मचारी का नाम ______________________

भर्ती करने वाली संस्था का नाम ______________________ भर्ती करने वाली संस्था का फ़ोन नंबर या ईमेल ______________________

भर्ती करने वाली संस्था का पता ______________________

## न्यूनतम वेतन का अधिकार

आपको Seattle के नियमों के अनुसार न्यूनतम वेतन कमाने का अधिकार है। आपके प्रति घंटा वेतन की दर है: $____/घंटा।

आपका वेतन मिलने की तारीख: ______________________

(अर्थात, हर कामकाजी दिन के आखिर में, हर शुक्रवार को, हर 2 सप्ताह पर मंगलवार को, आदि)

### ओवरटाइम पाने की पात्रता: जो लागू हो वहाँ सही का निशान लगाएं

- ☐ आप ओवरटाइम पाने के पात्र नहीं हैं।
- ☐ आप एक "ओवरटाइम पात्र" कर्मचारी हैं, इसका मतलब है कि एक सप्ताह में आपके द्वारा किए गए 40 से अधिक कामकाजी घंटों के लिए, आपके वेतन की दर नियमित से 1.5 गुना ज्यादा होगी।

| प्रति घंटा न्यूनतम वेतन 2024 | न्यूनतम वेतन | अगर कर्मचारी को टिप** में प्रति घंटे $2.72 मिलते हैं या नियोक्ता द्वारा दिए गए चिकित्सा लाभ मिलते हैं |
|---|---|---|
| भर्ती करने वाली अधिकांश संस्थाएं | $19.97 प्रति घंटा | $17.25 प्रति घंटा |
| 501 से ज्यादा कर्मचारी वाले नियोक्ता | $19.97 प्रति घंटा | |

**अगर आप एक कर्मचारी हैं, तो आपके नियोक्ता को अपनी टिप नीति के बारे में आपको जानकारी देनी होगी।

अगर यह जानकारी संलग्न है, तो सही का निशान लगाएं ☐

## आराम के लिए ब्रेक लेने का अधिकार

आप जिस संस्था के लिए काम करते हैं वहां हर चार घंटे के अंतराल पर (काम के तीसरे घंटे के आखिर में) आपको सवेतन 10 मिनट का निर्बाध ब्रेक लेने का अधिकार है।

### आराम के लिए ब्रेक: जो लागू हो वहाँ सही का निशान लगाएं

आप आराम के लिए निर्बाध और सवेतन ब्रेक ले सकेंगे।

कार्यस्थल पर रहते हुए आप आराम करने के लिए ब्रेक ले सकेंगे और बुलाए जाने पर आपको काम पर वापस जाना होगा। अगर आप पर किसी के स्वास्थ्य और सुरक्षा की ज़िम्मेदारी है, तो इस फ़र्ज़ के कारण आपका ब्रेक छूट सकता है। ऐसे में आपको अतिरिक्त 10 मिनट का वेतन मिलेगा या हर छूटे हुए आराम ब्रेक के लिए $________ का भुगतान किया जाएगा।

आपके फ़र्ज़ों के कारण आपका आराम के लिए निर्बाध ब्रेक लेना मुश्किल या अव्यवहार्य हो जाता है, क्योंकि आपके ब्रेक लेने से आपके नीचे काम करने वाले लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को खतरा हो सकता है। ऐसे में आपको अतिरिक्त 10 मिनट का वेतन मिलेगा या काम किए गए हर घंटे के लिए $________ का भुगतान किया जाएगा।

**आराम के लिए ब्रेक लेने से जुड़ी शर्तें:**

- इस ब्रेक में आपको आराम करने सहूलियत मिलनी चाहिए और साथ ही आप यह तय कर सकते हैं कि आप इस समय को कैसे बिताना चाहते हैं।
- आपको कार्यस्थल पर ही रहने को कहा जा सकता है और ज़रूरत पड़ने पर काम पर लौटना पड़ सकता है, पर इसके अलावा आप काम से छुट्टी लेकर आराम कर सकते हैं।
- अगर आपका ब्रेक आपके नियोक्ता या काम के कारण बाधित होता है, तो आप फिर से लगातार 10 मिनट का ब्रेक ले सकते हैं।

*ध्यान दें: काम पर रखने वाली संस्था द्वारा सीधे नियुक्त किए गए कर्मचारी सवैतनिक बीमारी और सुरक्षा अवकाश सहित अतिरिक्त स्थानीय और राज्य श्रम मानकों के हकदार हो सकते हैं। कर्मचारी के अधिकारों से जुड़ी अधिक जानकारी www.seattle.gov/laborstandards पर उपलब्ध है।

## भोजन अवकाश का अधिकार

आप जिस संस्था के लिए काम करते हैं वहां हर पांच घंटे के अंतराल पर (काम के पांचवें घंटे के आखिर में) आपको 30 मिनट का निर्बाध भोजन अवकाश लेने का अधिकार है।

### भोजन अवकाश: जो लागू हो वहाँ सही का निशान लगाएं

अपने भोजन अवकाश के दौरान आप अपने काम से पूरी तरह मुक्त रहेंगे। आपको एक अवैतनिक भोजन अवकाश मिलेगा। आप अवैतनिक भोजन अवकाश को छोड़ सकते है। अवकाश छोड़ने से जुड़ी शर्तों के लिए साइड बॉक्स देखें।

भोजन अवकाश के दौरान आपको कार्यस्थल पर ही रहना होगा और ज़रूरत पड़ने पर काम पर लौटना होगा, पर इसके अलावा आप काम से छुट्टी ले सकते हैं। आपको एक सवैतनिक भोजन अवकाश मिलेगा। आप इस सवैतनिक भोजन अवकाश को नहीं छोड़ सकते।

आप पर घर के सदस्य के स्वास्थ्य और सुरक्षा की ज़िम्मेदारी है, लेकिन आपको सवैतनिक भोजन अवकाश लेने के लिए सक्षम होना चाहिए। काम के कारण अपना भोजन अवकाश न ले पाने पर आपको 30 मिनट का अतिरिक्त वेतन दिया जाना चाहिए, या हर छूटे हुए अवकाश के लिए $__________ का वेतन दिया जाना चाहिए।

अपने फ़र्जों के कारण आपका निर्बाध भोजन अवकाश लेना मुश्किल या अव्यवहार्य हो जाता है, क्योंकि आपके ब्रेक लेने से आपके नीचे काम करने वाले लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को खतरा हो सकता है। ऐसे में आपको अतिरिक्त 30 मिनट का वेतन मिलेगा या काम किए गए हर पाँच घंटे के लिए $__________ दिए जाएंगे।

**भोजन अवकाश से जुड़ी शर्तें:**

- भोजन अवकाश में आपको आराम करने और जैसे जी चाहे वैसे अपना समय बिताने की सहूलियत मिलनी चाहिए।
- अगर आपका भोजन अवकाश आपके नियोक्ता या काम के कारण बाधित होता है, तो आप फिर से लगातार 30 मिनट का भोजन अवकाश ले सकते हैं।

**भोजन या आराम अवकाश छोड़ना चाहते हैं?**

- यह छूट स्वैच्छिक और कार्यकर्ता के लाभ के लिए होनी चाहिए।
- आपको यह पता होना चाहिए कि आप कौन से अधिकार छोड़ रहे हैं और इसके परिणाम क्या होंगे।
- छूट की सुविधा वाले कागज पर छूट लेने की प्रभावी तारीख (तारीखें) लिखी होनी चाहिए।
- आप इस छूट को कभी भी रद्द कर सकते हैं।

## आराम के लिए एक दिन का अवकाश लेने का अधिकार

अगर आपने लगातार 6 दिन तक काम किया है और साथ ही आप अपने कार्यस्थल पर ही रहते या सोते हैं, तो आप आराम करने के लिए 24 घंटे का अवैतनिक अवकाश ले सकते हैं।

- 24 घंटे की अवधि में किए गए किसी भी काम को एक दिन का काम माना जाएगा।
- इस 24 घंटे के अवकाश के दौरान आप अपने फ़र्जों से पूरी तरह मुक्त होंगे, आपको न तो कार्यस्थल पर रहने की जरूरत नहीं है और न ही बुलाए जाने पर काम पर लौटने की आवश्यकता है।
- आप अपना एक दिन का अवकाश छोड़ सकते हैं। अवकाश छोड़ने से जुड़ी शर्तों के लिए साइड बॉक्स देखें।

## व्यक्तिगत दस्तावेज रखने का अधिकार

आपको अपने मूल दस्तावेज़ और व्यक्तिगत सामान रखने का अधिकार है।

## जवाबी कार्रवाई करना वर्जित है

आपको जवाबी कार्रवाई से मुक्त होने का अधिकार है। Seattle Labor Standards (सिएटल श्रम मानकों) द्वारा संरक्षित अधिकारों का प्रयोग करने पर, भर्ती करने वाली संस्था आपके खिलाफ प्रतिकूल कार्रवाई नहीं कर सकती है। इन कार्रवाइयों में फायरिंग, आपका पद घटाना और आपके प्रवासन की स्थिति की रिपोर्ट करने की धमकी देना शामिल है।

## सवाल या शिकायतें हैं?

सवाल पूछने या शिकायत दर्ज करने के लिए: **Seattle Office of Labor Standards (श्रम मानक के सिएटल कार्यालय) को (206) 256-5297** पर कॉल करें या www.seattle.gov/laborstandards पर जाएं।

उनकी सेवाएं मुफ़्त हैं।
वे मुफ़्त दुभाषिया सेवा प्रदान करेंगे।
वे आपके प्रवासन की स्थिति के बारे में कभी नहीं पूछेंगे।

## नागरिक अधिकार संरक्षण

Seattle's Fair Employment Practices Law (सिएटल के उचित रोजगार व्यवहार कानून) के तहत घरेलू कर्मचारियों को भी यौन उत्पीड़न, जवाबी कार्रवाई और भेदभाव से मुक्त रहने का अधिकार है।

इस बारे में अधिक जानकारी के लिए: **Seattle Office for Civil Rights (नागरिक अधिकारों के लिए सिएटल कार्यालय) को (206) 684-4500** पर कॉल करें या www.seattle.gov/civilrights पर जाएं